Ex.P-260

# कथन – भवर लाल खत्री

| | | |
|---|---|---|
| थाना | – | राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर |
| अपराध कमांक | – | 09/2015 |
| धारा | – | 13(1) डी, 13(2) पी0सी0 एक्ट 1988, 109, 120 बी भा0द0वि0 |
| नाम व पिता का नाम | – | भवर लाल खत्री पिता श्री मोतीलाल खत्री |
| उम्र | – | 56 वर्ष |
| पता | – | पुराना पोस्टा ऑफिस के सामने, नयापारा, जगदलपुर जिला –बस्तर (छ0ग0) |
| मोबाईल नंबर | – | 94252–58828, 89824–58828 |
| व्यवसाय | – | संचालक, लक्ष्मी इन्डस्ट्रीज राईस मिल, इन्डस्ट्रीयल स्टेट, गीदम रोड़ जगदलपुर, जिला बस्तर (छ0ग0) |

––00––



मैं भवर लाल खत्री पूछे जाने पर बता रहा हूं कि मैं लक्ष्मी इन्डस्ट्रीज राईस मिल, इन्डस्ट्रीयल स्टेट गीदम रोड़ जगदलपुर का संचालक हूं। मैं वर्ष 2002 से राईस मिल के व्यवसाय मे जुड़ा हुआ हूं। मेरा 24 हजार क्विंटल धान का जिला विपणन अधिकारी के साथ अनुबंध है जिसका कस्टम् मिलिंग कर चावल नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में जमा करना होता है। यह अनुबंध 02 महिने का है, किन्तु पूरा न कर पाने पर 01 महिने की वृद्धि दिया जाता है। जगदलपुर में 05 गोदाम है, किन्तु स्थान की कमी बनी रहती है। स्थान बनने पर ही चावल लिया जाता है। मैं करीब 15 हजार क्विंटल धान उठा लिया हूं जिससे करीब 10 हजार क्विंटल चावल नान में जमा कर दिया हूं। जगदलपुर में नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक श्री अदिनारायण राव एवं क्वालिटी इंस्पेक्टर सतीश कैवर्त्य है। सतीश कैवर्त्य के आने के बाद भ्रष्टाचार ज्यादा ही बढ़ गया है। वे अपने खुद के लिये प्रति लॉट 1000रू. मांगते है, इसके अलावा प्रति क्विंटल 08रू. देना होता है, जिसमें से 04रू. नान मुख्यालय को जाता है एवं 04रू. जिला प्रबंधक के पास रहता है। इस रकम को न देने पर हमे कई प्रकार से परेशान किया जाता है। जैसे स्पेश नहीं है कहा जाता है, क्वालिटी कम बताकर चावल वापस कर दिया जाता है, गेट पास देर से दिया जाता है एवं मजदूरों द्वारा देर से लोडिंग–अनलोडिंग किया जाता है। इन परेशानियों से बचने के लिये न चाहते हुये भी हमें कलेक्शन की रकम देनी पड़ती है। मुझे सतीश कैवर्त्य क्वालिटी इंस्पेक्टर जगदलपुर से जप्त पर्ची को दिखाया गया, उसमें मेरे लक्ष्मी राईस मिल के सामने लिखी रकम मेरे द्वारा जमा किये गये चावल की मात्रा क्विंटल में है जिसके एवज में मेरे द्वारा 51000रू. जमा किया गया था। यही मेरा कथन है।

दिनांक 06.04.2015

(एस0डी0 देवस्थले)
निरीक्षक
आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो,
रायपुर, छत्तीसगढ